KD Campus

# KD Campus Pvt. Ltd

2007, OUTRAM LINES, 1ST FLOOR, OPPOSITE MUKHERJEE NAGAR POLICE STATION, DELHI-110009

## *GS SPECIAL MOCK TEST- 41 (ANSWER KEY)*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (B) | 21. | (D) | 41. | (A) | 61. | (A) | 81. | (B) |
| 2. | (B) | 22. | (B) | 42. | (D) | 62. | (B) | 82. | (C) |
| 3. | (B) | 23. | (D) | 43. | (C) | 63. | (C) | 83. | (B) |
| 4. | (A) | 24. | (C) | 44. | (C) | 64. | (B) | 84. | (D) |
| 5. | (A) | 25. | (D) | 45. | (A) | 65. | (A) | 85. | (C) |
| 6. | (B) | 26. | (B) | 46. | (D) | 66. | (D) | 86. | (A) |
| 7. | (C) | 27. | (C) | 47. | (B) | 67. | (D) | 87. | (B) |
| 8. | (D) | 28. | (B) | 48. | (C) | 68. | (D) | 88. | (C) |
| 9. | (A) | 29. | (C) | 49. | (D) | 69. | (D) | 89. | (B) |
| 10. | (B) | 30. | (D) | 50. | (D) | 70. | (D) | 90. | (B) |
| 11. | (B) | 31. | (B) | 51. | (C) | 71. | (B) | 91. | (A) |
| 12. | (A) | 32. | (A) | 52. | (B) | 72. | (C) | 92. | (C) |
| 13. | (B) | 33. | (C) | 53. | (A) | 73. | (C) | 93. | (C) |
| 14. | (B) | 34. | (C) | 54. | (B) | 74. | (D) | 94. | (D) |
| 15. | (B) | 35. | (C) | 55. | (A) | 75. | (C) | 95. | (D) |
| 16. | (A) | 36. | (B) | 56. | (C) | 76. | (B) | 96. | (A) |
| 17. | (D) | 37. | (D) | 57. | (C) | 77. | (A) | 97. | (B) |
| 18. | (A) | 38. | (D) | 58. | (A) | 78. | (B) | 98. | (D) |
| 19. | (C) | 39. | (D) | 59. | (D) | 79. | (A) | 99. | (C) |
| 20. | (A) | 40. | (C) | 60. | (B) | 80. | (D) | 100. | (C) |

KD Campus

***Note :*** *If your opinion differ regarding any answer, please message the mock test and Question number to 8860330003*

***Note :*** *If you face any problem regarding result or marks scored, please contact : 9313111777*

# GS SPECIAL MOCK TEST- 41 (SOLUTION)

2. (B) नेवेली थर्मल पावर स्टेशन नेयवेली लिग्नाइट खानों के पास स्थित एक बिजली संयंत्र का एक समूह है। इसमें दो अलग-अलग इकाइयों (नेवेली थर्मल पावर स्टेशन। और नेवेली थर्मल पावर स्टेशन।।) शामिल हैं, जो क्रमश: 1020 मेगावाट और 1970 मेगावाट का उत्पादन करने में सक्षम हैं। यह एनएलसी द्वारा संचालित है नैवेली लिग्नाइट कारपोरेशन लिमिटेड (Neyveli Lignite Corporation Limited (NLC)) भारत सरकार की मिनीरत्न कम्पनी है। यह लिग्नाइट का खनन करती है।

3. (B) रुद्धोष्म प्रक्रम (एडियाबेटिक प्रॉसेस) किसी उष्मा गतिक निकाय में किए गए ऐसे प्रक्रम को कहते हैं, जिसमे परिवर्तन के समय निकाय और बाह्य वातावरण के बीच उष्मीय ऊर्जा का आदान-प्रदान न हो। (रुद्धोष्म = रूद्ध + ऊष्म = जिसमें ऊष्मा = जिसमें ऊष्मा का आदान-प्रदान अवरुद्ध हो)

4. (A) ट्रांजिस्टर $p$ तथा $n$ प्रकार का अर्द्ध-चालकों से बनी एक इलेक्ट्रोनिक युक्ति है, जो ट्रायोड वाल्व के स्थान पर प्रयुक्त की जाती है।

5. (C) 1.लुधियाना - पंजाब राज्य का लुधियाना शहर ऊनी वस्त्र उद्योग के लिए प्रसिद्ध है।
2.दावणगेरे - कर्नाटक राज्य का दावणगेरे स्थान सूती वस्त्र उद्योग के लिए प्रसिद्ध है।
3. सुआलकुची - भारत के उत्तर-पूर्वी राज्य असोम में स्थित सुआकुची स्थान रशमी वस्त्र के लिए प्रसिद्ध है।
4. रिवड़ा - पश्चिम बंगाल में स्थित रिवड़ा जूट वस्त्र उद्योग के लिए प्रसिद्ध है।

6. (B) राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने 18 अप्रैल 2017 को उत्तराखण्ड राज्य में जंगलों की आग पर काबू पाने के लिए पहला कृत्रिम अभ्यास किया यह अभ्यास किया यह अभ्यास राज्य सरकार की सहायता से आयोजित किया गया।

7. (C) क्वार्टजाइट एक कठोर नॉन. फॉलेटेड कायांतरित रॉक है जो मूलत: शुद्ध क्वार्टज बलुआ पत्थर है। बलुआ पत्थर का कायान्तरण करने के पश्चात क्वाट्र्जाइट प्राप्त होता है।

8. (D) जल के वाष्पण की अत्यधिक उच्च ऊष्मा मुख्यत: हाइड्रोजन आबन्ध का परिमाण है। जल का अणु हाइड्रोजन बनाता है। हाइड्रोजन बन्ध एक इलेक्ट्रोनेगेटिव परमाणु और नाइट्रोजन, ऑक्सीजन या फ्लोरीन से जुड़े एक हाइड्रोजन परमाणु के बीच डाइपोल-डाइपोल बल का परिणाम होता है।

10. (B) कुरोशियो जलधारा उत्तर की तरफ बहने वाली एक गर्म जलधारा है। यह अटलांटिक महासागर के गल्फ स्ट्रीम की तरह है। यह ताइवान के तटीय क्षेत्र से उत्पन्न होती है और जापान के उत्तर-पूर्व भाग की तरफ बहती है जहाँ पर यह ध्रुवीय क्षेत्र की तरफ से आने वाली जलधारा के साथ मिल जाती है।

11. (B) मनुष्य में ऊर्जा का स्त्रोत जैव अणु, कार्बोहाइड्रेट्स (शर्कराएँ), लिपिड, वसाएँ तथा प्रोटीन्स होते हैं। उपरोक्त ऊर्जा स्त्रोतों में वसा के उपचयन से अधिकतम ऊर्जा की प्राप्ति होती है। कार्बोहाइड्रेट तथा प्रोटीन का कैलोरिफिक मान लगभग 4 या 5 कैलोरी प्रति ग्राम होता है, जबकि 1 ग्राम वसा उपचयन पर 9 कैलोरी ऊर्जा का उत्पादन करती है।

13.(B) साँप, मछली, मगरमच्छ, छिपकली, मेढक और कछुआ असमतापी प्राणियों के कुछ उदाहरण है -जबकि डॉलफिन, ह्वेल तथा सूँस समतापी प्राणी है तर्थात् इन प्राणियों का शारीरिक तापमान स्थिर रहता हैं।

14. (B) 2017 के ए. टी कार्नी प्रत्यक्ष विदेशी निवेश सूचकांक में भारत का 8 वॉ स्थान हैं, संयुक्त राज्य अमेरिका का एफडीआई सूचकांक में पहला स्थान हैं।

15. (B) भारतीय क्षेत्रीय संचालन उपग्रह प्रणाली (आईआरएनएसएस) भारतीय अन्तरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा विकसित एक क्षेत्रीय स्वतंत्र उपग्रह नौवहन प्रणाली है जो पूर्णतया भारत सरकार के अधीन होगी। इसके अंतर्गत 7 उपग्रह अन्तरिक्ष में स्थापित किए जाएँगे जिनमें से 3 उपग्रह भू-स्थिर कक्षा तथा 4 उपग्रह भू-स्थैतिक कक्षा में स्थापित किए जाएँगे। इसके अन्तर्गत अभी तब 2 उपग्रह आईआरएनएसएस-I A तथा आईआरएनएसएस-I A तथा आईआरएनएसएस-I B अन्तरिक्ष में स्थापित किए गए हैं। आईआरएनएसएस देश तथा की सीमा के समीप 1500 किमी तक की निगरानी करने में सक्षम है।

16. (A) नागार्जुन ने बौद्ध धर्म के 'माध्यमिक सम्प्रदाय' का प्रतिपादन किया था, इसे शून्यवाद भी कहा जाता है। शून्यवाद के अन्तर्गत नागार्जुन ने 'सत्' और 'असत्' दोनों की सत्ता को अस्वीकार करते हुए 'सदस्य' सिद्धांत को अपनाया है। बौद्ध धर्म की मध्यम मार्ग को शून्यवाद ने पूर्ण रूप से स्वीकार किया है।

17. (D) हड़प्पा सभ्यता भारतीय उपमहाद्वीप की प्रथम नगरीय सभ्यता थी। इस सभ्यता की खोज वर्ष 1921 में सर रायबहादुर दयाराम साहनी ने की थी। इसे घटी सभ्यता के नाम से भी जाना जाता है। यह सभ्यता उत्तर में माण्डा (जम्मू-कश्मीर) से पश्चिम में (उत्तर प्रदेश) तक फैली है। यह सभ्यता अपनी समकालीन मिश्र तथा मेसोपोटेमिया की सभ्यता से विस्तार में बड़ी थी। हड़प्पा पूर्वोत्तर पाकिस्तान के पंजाब प्रांत का एक पुरातात्विक स्थल हैं सिन्धु घाटी सभ्यता के अनेकों अवशेष यहाँ से प्राप्त हुए है। सिंधु घाटी सभ्यता को इसी शहर के नाम के कारण हड़प्पा सभ्यता भी कहा जाता हैं।

18. (D) उन्नीसवीं सदी के उत्तरार्द्ध से वर्ष 1920 तक भारत सूत और गेहूँ का प्रमुख उत्पादक और निर्यातक देश था। भारत, ईस्ट इण्डिया कम्पनी के माध्यम से विश्व में सूत का व्यापार करता था। वर्ष 1869 में स्वेज नहर की स्थापना के बाद भारत के गेहूँ निर्यात में महत्वपूर्ण बढ़ोत्तरी हुई वर्ष 1890 में भारत ने 17% वैश्विक गेहूँ का निर्यात किया।

KD Campus

20. (A) 13 मार्च, 1891 को पारित भारतीय कारखाना अधिनियम उन कारखानों पर लागू हाता था जो बिजली का प्रयोग करते थे, पचास अथवा उससे अधिक संख्या में श्रमिकों की नियुक्त करते थे तथा वर्ष में 120 या उसमें अधिक दिन काम करते थे। इस अधिनियम के अनुसार, प्रत्येक कर्मचारी के लिए सप्ताह में एक दिन के पूर्ण अवकाश तथा प्रतिदिन दोपहर को आधे घण्टे के अवकाश की व्यवस्था थी। महिलाओं के प्रतिदिन काम के 11 घण्टे निर्धारित थे जिसमें विश्राम के लिए डेढ़ घण्टे का समय भी शामिल था कुल मिलाकर यह अधिनियम भारत में श्रमिकों की दशाओं में सुधार के लिए महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

21. (D) भारत की संविधान निर्माण सभा ने 29 अगस्त 1947 को प्रारूप समिति की नियुक्ति की। डॉ भीमराव अम्बेडकर इसके अध्यक्ष चुने गए। केएस मुंशी, मोहम्मद सादुल्ला, बीएल मित्रा अल्लादि कृष्णास्वामी अय्यर, एन. गोपालस्वामी आयंगर तथा डीपी खेतान अन्य सदस्य थे। बाद में डीपी खेतान तथा बीएल मित्रा के स्थान पर एन. माधव राव तथा टीटी कृष्णामाचारी को नियुक्त किया गया।

22. (B) स्टैम्प एक्ट काँग्रेस अमेरिकन उपनिवेशों की प्रथम काँग्रेस थी। यह 7-25 अक्टूबर, 1765 को न्यूयॉर्क शहर में आयोजित की गई थी। यह काँग्रेस ब्रिटिश कर प्रणाली के विरूद्ध अमेरिकी उपनिवेशों के चुन हुए प्रतिनिधियों का संयुक्त विरोध प्रदर्शन थी। इस सम्मेलन की अध्यक्षता टिमोथी रूगल्स ने की थी।

23. (D) विनय साह को एल आई सी हाउसिंग फाइनेंस के नए एम डी और सी ई ओ नियुक्त किया गया हैं। इसे पहले वे भारत की एल आई सी के साथ विपणन/उत्पादक के कार्यकारी निदेशक थे।

25. (D) स्थायी बन्दोबस्त की शुरूआत 1793 ई. में कॉर्नवालिस द्वारा की गई थी। स्थायी बन्दोबस्त के कारण जमींदारों का नया वर्ग उत्पन्न हो गया था तथा पारम्परिक जमींदारों को अपनी भूमि छोड़नी पड़ी। कृषकों का नया समूह 'जोतदार' का जन्म हुआ तथा यह समूह एक प्रभावशाली वर्ग के रूप में उभरा था। जमींदारों को लगान वसूलन के लिए अधिक अधिकार दिए गए थे जिससे जमींदार कलेक्टर के वैकल्पिक सत्ता केन्द्र के रूप में उभरे।

26 (B) वृहद महाद्वीपीय शेल्फ से आशय उस स्थान से है जहाँ पर तटीय क्षेत्रों में समुद्र की गहराई कम होती है। इस कारण इन स्थानों पर मछलियों के विकास के लिए अनुकूल परिस्थितियाँ पाई जाती हैं। इस प्रकार के तट उत्तरी अमेरीका के पूर्वी तट पर अटलाण्टिक महासागर में उथले क्षेत्र में पाए जाते हैं इनको 'ग्रैण्ड बैंक' कहा जाता है, जोकि विश्व के प्रमुख मत्स्यन क्षेत्र हैं। यहाँ पर गल्फ स्ट्रीम (गर्म धारा) तथा लैब्रेडोर (ठण्डी धारा) के मिलने के कारण प्लवक प्रचुर मात्रा में उगते हैं जो मछलियों का भोजन होते हैं। प्लवक भी उथले जल में उगते है।

27 (C) उष्णकटिबन्धीय चक्रवात एक तूफान प्रणाली है जोकि एक विशाल निम्न दबाव केन्द्र और भारी तड़ित झन्झावतों द्वारा चरितार्थ होती है। यह तीव्र हवा व घनघोर वर्षा उत्पन्न करती है। इसे अलग-अलग स्थानों में अलग-अलग नाम से जाना जाता है। जैसे-चीन सागर व जापान में टाइफून, अमेरिका व पश्चिमी द्वीप समूह, वेस्ट इण्डीज में हरीकेन तथा ऑस्ट्रेलिया में विली-विलीज। प्रतिचक्रवात की विशेषताएँ चक्रवात से पूर्णतः विपरीत होती हैं। इसके केन्द्र में उच्च वायुदाब होता है। जबकि परिधि की ओर निम्न वायुदाब पाया जाता है।

28. (B) किसी पिण्ड को दी गई ऊष्मा, जो उसके तापमान को 1°C बढ़ा देती है, उसकी तापीय क्षमता या ऊष्माधारिता कहलाती है।

31. (B) वर्ष 2013-2014 के आँकड़ों के अनुसार, सिंगापुर पॉरिशस को पीछे छोड़ते हुए भारत के एफडीआई में सर्वाधिक योगदानकर्ता देश बन गया है। सिंगापुर द्वारा भारत के कुल एफडीआई में लगभग 25 प्रतिशत अकेले का योगदान किया गया। वर्ष 2016-14 में सिंगापुर के द्वारा भारत में 5.98 बिलियन डॉलर का एफडीआई आया जबकि मॉरिशस 4.85 बिलियन डॉलर के साथ दूसरे स्थान पर रहा।

32. (A) हैदराबाद में आईसीआईसीआई बैंक डाटा सेंटर आईजीबीस ग्रीन डाटा सेंटर रेटिंग सिस्टम के तहत मूल्यांकन किया जाने वाला भारत का पहला प्लेटिनम रेटेड प्रोजेक्ट बन गया है। इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल (आईजीबीसी) भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) का एक हिस्सा है।

33. (C) वर्ष 2014 में भारत के इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना-प्रौद्योगिकी विभाग की राष्ट्रीय मोबाइल अभिशासन पहल 'मोबाइल सेवा' को संयुक्त राष्ट्र के लोक सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इसका उद्देश्य देश में मोबाइल अभिशासन को मुख्यधारा में लाना है। मोबाइल अभिशासन को बढ़ावा देकर (विशेषकर ग्रामीण इलाकों में) देश में इलेक्ट्रॉनिक सेवाओं में बढ़ोत्तरी करना इसका प्रमुख कार्य है।

34. (C) पृथ्वी-II भारत का पहला देशीय रूप से निर्मित प्रक्षेपास्त्र है। इसका परास 150 किमी है तथा यह 500 किग्रा तक का पेलोड ले जाने में समक्ष है। पृथ्वी-II का प्रथम परीक्षण 27 जनवरी, 1996 को किया गया था पृथ्वी-II एक नाभिकीय क्षमता वाला प्राक्षेपिक अस्त्र है।

35. (C) जब त्वचा के नीचे स्थित अंतराकाश (interstitium) या शरीर के एक या अधिक कोटरों (कैविटीज) में असामान्य रूप से द्रव इकठ्ा हो जाता है तो इस लक्षण को शोफ या एडेमा (Edema) कहते हैं। पहले इसे जलशोध (हाइड्रॉप्सी), ड्रॉप्सी (Dropsy) कहते थे।

37. (D) ऋतु एक वर्ष से छोटा कालखंड है जिसमें मौसम की दशाएँ एक खास प्रकार की होती हैं। यह कालखण्ड एक वर्ष को कई भागों में विभाजित करता है जिनके दौरान पृथ्वी के सूर्य की परिक्रमा के परिणामस्वरूप दिन की अवधि, तापमान, वर्षा, आर्द्रता इत्यादि मौसमी दशाएँ एक चक्रीय रूप में बदलती हैं। मौसम की दशाओं में वर्ष के दौरान इस चक्रीय बदलाव का प्रभाव पारितंत्र पर पड़ता है।

38. (D) आजाद हिन्द फौज का गठन अगस्त, 1942 में किया गया। इसका उद्देश्य भारत में ब्रिटिश शासन को समाप्त करना था।

KD Campus

39. (D) मलेशिया एयरलांइस 2018 की दुनिया की पहली एयरलाइन बनी है जो सैटालाइट की सहायता से अपनी फ्लाइट को ट्रैक कर सकती हैं। इसके लिए मलेशिया एयरलाइन न ऐरॉन एल एल सी, सीटोनएयर और फ्लाइट एल एल सी के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए है।

44. (C) ग्रंड स्लैम टूर्नामेंट, जिन्हे मेजर भी कहा जाता है, वर्ष की सर्वाधिक महत्वपूर्ण टेनिस प्रतियोगिताएं हैं। ये हैं ऑस्ट्रेलियन ओपन, फ्रेंच ओपन, विम्बलडन तथा यूएस ओपन जो इसी क्रम में खेली जाती हैं। टेनिस ओपन युग की शुरूआत 1968 से हुई जब ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट्स ने पेशेवर खिलाड़ियों को भाग लेने के लिए अनुमति देने पर सहमति व्यक्त की। ग्रैंड स्लैम में सबसे पहला विंबलडन 1877 में शुरू हुआ, उसके बाद 1881 में यूएस ओपन, 1891 में फ्रेंच ओपन और 1905 में ऑस्ट्रेलियन ओपन शुरू हुआ। ऑस्ट्रेलियन ओपन वर्ष का पहला ग्रैंड स्लैम है (जनवरी), इसके बाद फ्रेंच ओपन (मई-जून) और यूएस ओपन (अगस्त-सितम्बर) होते हैं।

48. (C) संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय दिवस के वासक का 14वां संस्करण 12मई, 2017 से 14मई, 2017 को श्रीलंका में "बौद्ध शिक्षाओं" के सामाजिक न्याय और सतत शांति विषय के तहत आयोजित किया जाएगा। भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी, यूएन दिवस के मुख्य अतिथि होंगे। घटनाओं में एक अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध संगोष्ठी शामिल है जिसमें 100 देशों के 400 से अधिक प्रतिनिधि भाग लेते हैं।

52. (B) स्वराज पार्टी पराधीन भारत के स्वतंत्रता के समय बना एक राजनैतिक दल था। यह दल भारतीयों के लिये अधिक स्व-शासन तथा राजनीतिक स्वतंत्रता की प्राप्ति के लिये कार्य कर रहा था। भारतीय भाषाओं में स्वराज का अर्थ है "अपना राज्य"। 1 जनवरी 1923 ई. में चित्तरंजन दास, नरसिंह, चिंतामन केलकर और मोतीलाल नेहरू, विठ्ठलभाई पटेल ने कांग्रेस-खिलाफत स्वराज्य पार्टी नाम के दल की स्थापना की जिसके अध्यक्ष चित्तरंजन दास बनाये गये और मोतीलाल उसके सचिव बनाये गये। इस प्रकार कांग्रेस में दो दल बन गये।

53. (A) भारतीय क्रांतीकारी गतिविधियों में वृद्धि ने सामान्यत: नरमपंथियों की विफलता मे योगदान दिया और बंगाल विभाजन के पश्चात यह और अधिक उग्र हो गयी। भारतीय क्रांतिकारी आंदोलन पर समाजवाद का प्रभाव वर्ष 1917 की रूसी क्रांति के पश्चात् देखा गया।

54. (B) वर्ष 1858 के अधिनियम ने ब्रिटिश भारतीय सरकार के संदर्भ में परिवर्तन लाया न कि वर्ष 1861 के अधिनियम ने गवर्नर जनरल को विधानपरिषद के संचालन के संदर्भ में विशेष शक्तियाँ प्रदान की।

56. (C) भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) बाजार मूल्यांकन के मामले में भारत का सबसे मूल्यवान सार्वजनिक क्षेत्र इकाई (पीएसयू) बन गया है। टॉप-10 में सबसे मूल्यवान कंपनियों की सूची में एसबीआई 5 वें स्थान पर है, जबकि ओएनजीसी 7वें स्थान पर है। इसके अलावा, आईटी प्रमुख टीसीएस सबसे मूल्यवान भारतीय कंपनी है।

57. (C) कूका आंदोलन पंजाब के लोगों के द्वारा ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के विरूद्ध प्रथम महत्वपूर्ण विद्रोह था। इस विद्रोह का उद्देश्य ब्रिटिश शासन को उखाड़ फेंकना था।

59. (D) किसी तत्व का महासागर में विलय हो जानेके पूर्व तक अघुलनशील बने रहने के औसत समय को अवस्थान काल कहते है। समुद्री पर्यावरण में अत्य लवणों की तुलना में सोडियम की रसायनिक अभिक्रिया दर बहुत कम होती है, जिसके कारण यह ज्यादा समय तक बना रहता है। इस प्रकार यह प्रदर्शित होता है कि इसकी पहले से ही सांद्रता अधिक होने और अवस्थान काल के कारण सोडियम की मात्रा अधिक होती है।

60. (B) थांग-टा मणिपुर के मेइती द्वारा प्रारंभ किया गया हथियार आधारित सामरिक नृत्य है। गतका सामरिक नृत्य की उत्पत्ति पंजाब में हुई थी।

62. (B) एस. चन्द्रशेखर को वर्ष 1983 का भैतिकी विज्ञान का नोबल पुरस्कार उनके द्वारा विशाल तारों के विकासवादी चरण की खोज करने के लिए दिया गया था, वेंकटरमन राम कृष्णन को वर्ष 2009 में नोबल पुरस्कार उनके द्वारा, राइबोसोम की संरचना और उसके कार्य पर अध्ययन करने के लिए दिया गया था।

64. (B) दक्षिण-पश्चिमी मानसूनी मौसम के दौरान उपोष्णकटिबंधीय पश्चिमी जेट स्ट्रीम उत्तर भारत में प्रवाहित नहीं होती है। उसके स्थान पर उष्णकटिबंधीय पूर्वी जेट स्ट्रीम प्रवाहित होती है जबकि जेटस्ट्रीम उत्तर भारत में प्रवाहित होती है।

67. (D) कपास की फसल, खरीफ के मौसम में उगाई जाने वाले उष्णकटिबंधीय ओर उपोष्णकटिबंधीय फसल है। अच्छी फसल के लिए शुरूआत में अत्यधिक वर्षा और परिपक्वास्था में मध्यम वर्षा की जरूरत होती है।

68. (D) पत्तियों में गैसों का आदान-प्रदान मुख्यत: रंध्र के माध्यम से होता है। गैसों की कुछ मात्रा तने की सतह पर पाये जाने वाले छोटे छिद्र, जिसे वातन्ध्र कहते हैं, से भी आदान प्रदान होता है।

69. (D) विटामिन B3 (पैन्टोथेनिक अम्ल), विटामिन H तथा विटामिन K शरीर की आवश्यकता को पूरा करने के लिए आंत में बैक्टीरिया द्वारा निर्मित होते हैं।

71. (B) सेसा आर्किड अभयारण्य अरूणाचल प्रदेश के पश्चिम कमेंग जिला के भालुकपुंग वन डिवीजन में स्थित हैं। यह कमेंग सरक्षित क्षेत्र का एक भाग है जो एक हाथी रिर्जव है।

73. (C) सीढ़ीनुमा खेती पर्वतीय क्षेत्रों में की जाती है, मिश्रित खेती और फसल चक्र ये तीनों ही मृदाअपारदन रोकथाम में सहयोग करती है। झूम खेती मृदा अपारदन करती है क्योंकि इसमें जंगलों को काटा और जलाया जाता है।

74. (D) भारत का राज्यक्षेत्र, 'भारत संघ' की तुलना में एक व्यापक अवधारणा हैं क्योंकि भारत के राज्य क्षेत्र में केवल राज्यों को ही शामिल किया जाता है।

75. (C) प्रधानमंत्री जन धन योजना भारत में वित्तीय समावेशन पर राष्ट्रीय मिशन है जिसका उद्देश्य देश भर में सभी परिवारों को बैंकिंग सुविधाएं मुहैया कराना और हर परिवार का बैंक खाता

KD Campus

खोलना है इस योजना की घोषणा 15 अगस्त 2014 को तथा इसका शुभारंभ 28 अगस्त 2014 को भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया था। इस परियोजना की औपचारिक शुरूआत से पहले प्रधानमंत्री ने सभी बैंकों को ई-मेल भेजा जिसमें उन्होंने 'हर परिवार के लिए बैंक खाता' को एक 'राष्ट्रीय प्राथमिकता घोषित किया और सात करोड़ से भी अधिक परिवारों को इस योजना में प्रवेश देने और उनका खाता खोलने के लिए सभी बैंकों को कहा गया।

76. (B) भारतीय संविधान का अनुच्छेद 24 बाल श्रम को प्रतिबंधित करता है। सुमंगली एक प्रकार का बाल श्रम है, जो यद्यपि भारत में प्रतिबंधित है, फिर भी विशेषकर तमिलनाडु के वस्त्र उद्योग में प्रचलित है।

77. (A) प्रसिद्ध इतिहासकार और पुरातत्वविद् प्रोफेसर ए वी नरसिंह मूर्ति को भारतीय पुरातत्व, प्राचीन इतिहास और मुद्राशास्त्र के लिए डॉ पादुरू गुरूराज भट मेमोरियल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

78. (B) प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण लाभार्थी को धन उपलब्ध कराने और मध्यवर्ती हानि को कम करने की कोशिश को करने का एक नया तरीका है। यह योजना आवंटित धनराशि को सीधे लाभार्थी बैंक के खाते में हस्तांतरित करने की योजना है।

79. (A) सूत्रीविभाजन एक कोशिक चक्र प्रक्रिया है जिसके द्वारा कोशिका के नाभिक का एक क्रोमोसाम के सेट में प्रत्येक अपने पृथक हो जाता है। सूत्रीविभाजन केवल यूकेरिओटिक कोशिकाओं में होता है और विभिन्न जीवों में इसकी प्रक्रिया भिन्न होती है।

80. (D) ब्लीचिंग पाउडर को कभी-कभी चूने का क्लोराइड कहा जाता है और इसे क्लोरीन गैस के साथ कैल्शियम हाइड्रॉक्साइड या बुझे हुए चूने का अभिक्रिया कराकर तैयार किया जा सकता है। इसका उपयोग एक शक्तिशाली रिंजक और कीटाणुनाशक के रूप में किया जाता है। यह कीटाणुनाश और जीवाणुनाश, विशेषकर पेयजल को कीटाणुमुक्त करने में, का कार्य करता है।

83. (B) महावीर ने आम लोगों द्वारा बोली जाने वाली भाषा मगधी में अपने उपदेश दिए थे।

84. (D) डॉ रायप्पा रामप्पा हंचिनल को कृषि क्षेत्र में योगदान के लिए एम एस स्वामीनाथन पुरस्कार के 6वॉ संस्करण से सम्मानित किया गया हैं।

85. (C) शुष्क क्षेत्रों में अत्यधिक सिंचाई के परिणापमस्वरूप लवण घुल जाता है। और वाष्पीकरण के कारण यह लवण ऊपर आ जाता है। यह लवण एक सफेद परत का निर्माण कर देता है। और परिणाम स्वरूप मृदा के वणीकरण में वृद्धि हो जाती है।

87. (B) एस्पिरिन एक सामान्य ज्वरनाशक है। ज्वरनाशक, तेज ज्वर के समय में शरीर के तापमान को नीचे लाने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला पदार्थ है।

88. (C) ग्लोबल डिमिंग पृथ्वी की सतह पर प्रत्यक्ष विकिरण की वैष्विक मात्रा में होने वाली कमी है जो कि 1950 में कई दशकों तक व्यवसित माप की शुरूआत के पश्चात् मानी गयी थी। ग्लोबल डिमिंग मानव जनित कार्यों द्वारा वातावरण में छोटे-छोटे कणों जैसे कि सल्फेट एपरा सौल्ज की संख्या में वृद्धि की गयी थी।

90. (B) वर्ष 1855 में बंगाल के मुर्शिदाबाद तथा बिहार के भागलपुर जिलों में स्थानीय जमीनदार, महाजन और अंग्रेज कर्मचारियों के अन्याय अत्याचार के शिकार संताल जनता ने एकबद्ध होकर उनके विरुद्ध विद्रोह फूँक दिया था। इसे संथाल विद्रोह या संथाल हुल कहते हैं। संथाल विद्रोह वर्ष 1855-56 में घटित हुआ था। इसके प्रमुख नेता सीदू और कान्हू थे।

92. (C) जैव-विविधता हॉटरपॉट, जैव-विविधता वाला एक जैव भौगोलिक क्षेत्र है जो कि मानव के कारण खतरे में है। भारत में जैव हॉटस्पॉट पश्चिमी घाट और पूर्वी हिमालय है।

94. (D) आनुवांशिक अभियांत्रिकी जिसे कि आनुवंशिक प्रवर्धनी कहते हैं, जैव प्रौद्योगिकी के प्रयोग से जीव के जीनोम का प्रत्यक्ष प्रयोग है। आनुवांशिक अभियांत्रिकी का प्रयोग दवा, अनुसंधान उद्योग और कृषि तथा पौधों, जानवरों और सूक्ष्म जीवों के व्यापक क्षेत्र में किया जाता है।

95. (D) बारहवीं पंचवर्षीय योजना का लक्ष्य, अवधि के दौरान 8 प्रतिशत की औसत वृद्धि दर प्राप्त करना तथा 5 करोड़ नये रोजगारों का सृजन करना है। इसका उद्देश्य कृषि क्षेत्र में 4 प्रतिशत तथा विनिर्माण क्षेत्र में 10 प्रतिशत वृद्धि दर प्राप्त करना है।

97. (B) बालिका के जन्म से लेकर 10 वर्ष की आयु होने तक खाता कभी भी खोला जा सकता है। खाता खुलने की तिथि से लेकर 21 वर्षों तक या 18 वर्ष की आयु के बाद विवाह होने तक संचालित रहेगा।

98. (D) विनिवेश के माध्यम से जो धन प्राप्त होता है, भारत सरकार द्वारा उसका प्रयोग वित्तीय घाटा को कम करने और सार्वजनिक ऋण को खत्म करने के लिए किया जाता है। इस धन का प्रयोग बड़े पैमाने पर अवसंरचना क्षेत्र के विकास और सामाजिक कार्यक्रमों जैसे स्वास्थ्य एवं शिक्षा के लिए खर्च किया जाता है।

KD Campus